घर गिराने व महिलाओं से अभद्रता करने वाले वनकर्मियों को करें निलंबित : कांग्रेस

ज्ञापन सौंप कर की न्याय की मांग

नरसिंहपुर, देशबन्धु। वन विभाग ने 23 जून 2025 को पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में वर्षों से रह रहे आदिवासी परिवारों के घरों को जबरन गिरा दिया। आरोप है कि इस कार्रवाई के दौरान महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के साथ मारपीट की गई। इससे पहले 14 जून को एक आदिवासी महिला के साथ वन विभाग के कर्मचारी ने छेड़छाड़ की। जब सामाजिक संगठनों ने इसका विरोध किया, तो महिला के पति पर शासकीय कार्य में बाधा का केस दर्ज कर दिया गया।

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदिवासी कांग्रेस विभाग ने ज्ञापन में कई मांगें रखी हैं। इनमें Forest Rights Act, 2006 के तहत वन अधिकार पट्टे देने, प्रभावित परिवारों को टिन शेड, राशन और पेयजल की सुविधा देने की मांग शामिल है। दोषी वन विभाग अधिकारियों को निलंबित करने और महिला से अभद्रता करने वाले कर्मी को बर्खास्त करने की मांग भी की गई है।

ज्ञापन में पेसा कानून का पालन सुनिश्चित करने और बिना ग्राम सभा की सहमति के कार्रवाई न करने की मांग की गई है। साथ ही बैतूल, डिंडोरी, सीधी, हरदा, विदिशा जिलों में आदिवासियों के जमीन संबंधी मामलों की न्यायिक जांच और जिला स्तर पर एसटी मामलों की निगरानी समितियों को सक्रिय करने की मांग रखी गई है।

हसनी हुसैनी सोयायटी ने निकाला परचम अलम का जुलूस

गाडरवारा, देशबन्धु। मोहर्रम की चार तारीख की शाम को शक्ति चौक से अब्बास अलमदार की शान में खुशनुमा अंदाज में हुसैनी परचम अलम का जुलूस निकला। जो शहनाई की धुन पर शहीदी कलाम के साथ शक्ति चौक से शुरू होकर शिवालय चौक, गंज स्कूल, पुरानी गल्ला मंडी, नया बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पहुचा, वहा पर जुलूस का जोरदार स्वागत कर तबर्रुक तकसीम हुआ ।

इसी तरह शास्त्री वार्ड में व श्याम टाकीज के पास भी शरबत सबील तबर्रुक वितरण किया गया । जुलूस छोटा सराफा, झंडा चौक से वापस अपने मुकाम शक्ति चौक पहुँचा। हसनी हुसैनी सोसायटी के युवा यहतराम के साथ अलम परचम लेकर या हुसैन या अली शहीदाने करबला की शान में नारे लगाते हुए उत्साह के साथ चल रहे थे। शक्ति चौक को दुल्हन की तरह सजाया गया। जुलूस के उपरांत परचम कुसाई की गई। इस मौके पर फातेहा दुआ के उपरांत हसनी हुसैनी सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारियो ने बताया कि सोयायटी का उद्देश्य खिदमते खल्क समाजसेवा से जुड़े हुए कार्य करना है। मोहर्रम पर ही इंसानियत का पैगाम देते हुए सोसायटी के 20 लोगो ने गाडरवारा चिकित्सालय में रक्तदान किया , सोयायटी की समाजसेवा निरंतर जारी रहेगी । नगर निरीक्षक विक्रम रजक के मार्ग दर्शन पुलिस महकमा ने यातायात व्यवस्था पर ध्यान देते हुए जुलूस को व्यवस्थित तरीके निकलवाने में सहयोग किया व नगर पालिका की साफ सफाई भी बेहतर रही। हसनी हुसैनी समिति के अध्यक्ष लकी अली ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर वासियों के सहयोग के प्रति आभार जताया है। जुलूस में मुस्लिम समाज के जिम्मेदार सहित सेकड़ो नौजवान शामिल रहे।

काबरा मेमोरियल स्कूल छात्रावास में करंट से छात्र की मृत्यु पर चार पर मामला दर्ज

गाडरवारा, देशबन्धु। विगत दिनांक 29 जून की शाम काबरा मेमोरियल स्कूल गाडरवारा के हॉस्टल में रह रहे छात्र सुमित गुर्जर की हॉस्टल की छत की बाउंड्री पर लगे बिजली के तार से करंट लगने से मृत्यु हो गई थी।

पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जाँच में लिया गया था। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा मर्ग की त्वरित जाँच की जाकर जाँच दौरान साक्षीगण के कथनों एवं जाँच दौरान संकलित किये गये साक्ष्यों के आधार पर आज दिनांक 1 जुलाई 25 को थाना गाडरवारा में काबरा मेमोरियल स्कूल संचालक राघव काबरा, हॉस्टल वार्डन ज्ञानवेन्द्र सिंह, सुपरवाईजर नवनीत पचौरी इलेक्ट्रीशियन अजमेर सिंह के विरूद्ध धारा 105, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं।

सार-समाचार

मालपानी की गोदाम से चार बोरी तुअर दाल ले उड़े चोर

गाडरवारा, देशबन्धु। इन दिनों क्षेत्र में चोरी की वारदात लगातार बढ़ती जा रही है रविवार को एनपीएस स्कूल के पास मालपानी की गोदाम से तड़के सुबह 4 से 5 बजे के बीच 2 दरवाजो के तले तोड़कर अज्ञात चोर 4 बोरे तुअर चोरी कर ले गया । उक्त गोदाम मेन रोड पर स्थित है, चोरों के हौसले इतने बुलंद है वह आये दिन चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं, सुबह ही चोरी की घटना की पुलिस सूचना मिलने पर तत्काल पहुंच गयी थी। सीसीटीवी कैमरे में कैद चोर चेहरे पर रुमाल गमछा बांधे हुआ नजर आ रहा है। गल्ला व्यापारी महेश मालपानी ने गोदाम में हुई चोरी का आवेदन थाना प्रभारी को देकर अज्ञात चोर को पकड़ने व चोरी की हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने की बात की है ।

मोटरसाइकिल चोरी

गाडरवारा, देशबन्धु। विगत दिवस चिरह खुर्द निवासी आनंद कौरव की मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 49 एमई 5197 चोरी हो गई। बताया जाता है कि वाहन चालक चिरहकला घाट के नीचे कौड़ियां रोड पर हीरो एचएफ डीलक्स सिल्वर कलर मोटर साइकिल खड़ी कर अपने खेत में गया था, जब वह 1 घंटे बाद वापस आया तो मोटरसाइकिल हो गई। पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर जांच में लिया है।

शिकायतों के निराकरण हेतु आयोजित किये गये शिविर

नरसिंहपुर, देशबन्धु। नरसिंहपुर वृत अंतर्गत विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली बिल एवं विद्युत संबंधी शिकायतों / समस्याओं के निराकरण के लिये वृत कार्यालय, संभागीय कार्यालय एवं वितरण केन्द्र कार्यालय स्तर पर संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कुल 26 नंबर जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया गया। आयोजित किये गये शिविरों में 56 नंबर शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 52 नंबर शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया तथा शेष 4 नंबर शिकायतों के निराकरण हेतु प्राथमिकता से कार्यवाही की जा रही है। अधीक्षण अभियंता नरसिंहपुर द्वारा वृत कार्यालय में वृत स्तरीय जन सुनवाई करते हुये स्वंय शिविर में उपस्थित होकर प्राप्त शिकायतों का अवलोकन करते हुये त्वरित निराकरण कराया गया एवं सभी वितरण केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि लगाये गये शिविरों में प्राप्त शिकायतों का तत्परता से निराकरण करने तथा अपने मुख्यालयों में मानसून पूर्व लाईनों का रख-रखाव कर फीडरों में आ रही ट्रिपिंग में कमी लाये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

डॉक्टर्स डे पर चिकित्सकों का सम्मान

गाडरवारा, देशबन्धु। बीते मंगलवार को इंटरनेशनल डॉक्टर्स डे पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया ने शहर के अधिकांश चिकित्सकों को उनके क्लिनिक पहुंचकर उन्हें श्रीरामवस्त्र, प्रतीक चिन्ह, कलम डायरी एवं धार्मिक पुस्तकें आदि प्रदान कर सम्मानित किया। इसमें शहर के 42 डाक्टर्स का सम्मान किया।

वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ वी पी गुप्ता ने कहा कि श्री बसेड़िया द्वारा प्रतिवर्ष जो घर आकर सम्मान प्रदान किया जाता है वो हम सब चिकित्सको के लिए गौरव व आनंद के पल है। वरिष्ठ डॉ उमाशंकर दुबे ने सेवा कार्यो की सराहना करते हुए डाक्टर्स सम्मान के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से अखिलेश गुमास्ता, डीएस चौधरी, राजेश दुबे, के उइके, शासकीय अस्पताल प्रभारी उपेंद्र वस्त्राकार, आशुतोष मेहता, अनिल पटेल, राजीव राठौरिया, जगदीश वर्मा, संजय मोदी, एपी सिंह, पंकज ठारवानी, पंथी कोरी, अभिजीत कटारे, ऋचा वर्मा, कांची सोनी, अमित कुमार, मनीष महोबिया, अभिनव जैन, अनामिका जैन, डॉ संगीत जैन, संदीप फणसलकर, श्रीमति श्वेता फणसलकर, उपेंद्र सिंघई, एनपी बाजपेयी, विजय पटेल, भरत राठी, भानुप्रताप पटेल, रोहित शर्मा सहित आदि अनेक डाक्टर्स का सम्मान किया। इस मौके पर तनुश्री बसेड़िया, प्रिंस बसेड़िया की उपस्थिति रही।

वार्षिक उत्सव पर किया समाजसेवियों का सम्मान

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नरसिंहपुर सेवा केंद्र की तीसवीं वर्ष गांठ दिव्य संस्कार भवन हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में धूम धाम से मनाई गई। इस उपलक्ष ब्रह्माकुमारी संस्थान की सहयोगी संस्था राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन के अंतर्गत समाज सेवा प्रभाव द्वारा में समाजसेवियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि गण जालम सिंह पटेल पूर्व राज्य मंत्री, समाज सेवी डॉ अनंत दुबे, समाज सेवी चंद्रशेखर साहू,वरिष्ठ अधिवक्ता विनय जैन,करेली शुगर मिल प्रबंधक आशुतोष अवस्थी, जिला संचालिका राजयोगिनी ब्र कु कुसुम दीदी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद ब्रह्मा कुमारीज नरसिंहपुर करेली के बाल, युवा एवं प्रौढ़ कलाकारों के द्वारा शानदार प्रेरणादाई लघु नृत्य नाटिका तथा मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। ब्रह्माकुमारी कुसुम दीदी ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के द्वारा स्वयं पतित पावन परमपिता परमात्मा शिव इस समाज के नवनिर्माण का श्रेष्ठ कार्य कर रहे हैं। विगत 30 वर्षों से संस्थान नरसिंहपुर में समाज सुधार का कार्य निरंतर कर रहा है जिसमें सभी ने योगदान दिया है । नीलमणि भाई, राजेश भाई,इंद्रेश भाई ने अतिथियों सहित रुद्रेश तिवारी, राजेश नेमा,सतेंद्र गुप्ता आदि सहित उपस्थित सभी समाज सेवी बंधुओं का शाल एवं पगड़ी पहना कर स्वागत सम्मान किया। वरिष्ठ सदस्य मुकेश भाई ने आभार व्यक्त किया।

मप्र शिक्षक संघ की सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले में मध्य प्रदेश शिक्षक संघ नरसिंहपुर की वार्षिक सदस्यता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम शुरू हो गया है।जिसके लिए विभिन्न विकासखंड में सदस्यता प्रभारी बनाए गए हैं और शिक्षकों को सक्रिय सहभागिता करने हेतु प्रोत्साहित करने मप्र शिक्षक संघ नरसिंहपुर का सदस्य और पदाधिकारी बनाने का काम शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य शिक्षा विभाग में शिक्षकों के हितों का संरक्षण और शिक्षकीय विषयों पर जागृति बनाकर शिक्षा विभाग में शिक्षकों के गुरुत्व को गुणवत्ता से आगे बढ़ाने का क्रम निरंतर करना है।इसी क्रम में उल्लेखनीय रूप से विकासखंड चांवरपाठा में सदस्यता अभियान ने गति पढ़ते हुए नवीन सत्र की शुरुआत में ही ब्लॉक में अपना सदस्यता लक्ष्य पूर्ण करने की ओर कदम बढ़ा दिया है ।

जुलाई माह के पहले दिन की गई समीक्षा के अनुसार वरिष्ठ पदाधिकारी राजेश ठाकुर कार्यकारी जिला सचिव कमलेश श्रीवास्तव एवं अन्य सभी पदाधिकारी ने मिलकर सदस्यता लक्ष्य पूर्ण करने की जानकारी दी है। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में ब्लॉक करेली में वरिष्ठ पदाधिकारी भगवत सिंह झरिया विकासखंड चांवरपाठा में पीए खान गोटेगांव में तहसील संयोजक गुलाब साहू नरसिंहपुर में श्रीमती नीरजा श्रीवास्तव और गाडरवारा में संतोष कौरव जिला संरक्षक को जिम्मेदारी देकर ब्लॉक और तहसील इकाइयों से समन्वय कर सदस्यता अभियान आगे बढ़ाने तय किया गया है।

चांवरपाठा सदस्यता अभियान की उपलब्धि के अवसर पर पूर्व संभागीय सचिव डॉक्टर सीएल कोष्टी जिला संरक्षक हरगोविंद शर्मा,प्रांत मीडिया प्रभारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव संभागीय सह सचिव कीर्ति निधि दुबे, जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश त्यागी वरिष्ठ पदाधिकारी सतोष श्रीवास सेवानिवृत्ति प्रकोष्ठ से होतीलाल शर्मा , चावरपाठा अध्यक्ष सतीश शर्मा अशोक रघुवंशी नंदकिशोर शर्मा तेंदूखेड़ा प्रशांत पुरोहित करेली दीपक शर्मा महेंद्र चौबे इत्यादि पदाधिकारी ने जिले के सभी ब्लॉकों में सदस्यता लक्ष्य पूर्ति हेतु आवश्यक मुहिम के रूप में सदस्यता कार्य करने की बात कही है।

सेवानिवृति समारोह पर अखंड रामचरित मानस पाठ आयोजित

गाडरवारा, देशबन्धु। गत दिवस स्थानीय चन्द्रकेसर कॉलोनी मे धीरेन्द्र सिंह जाट ने अपने आवास पर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर अखंडरामचरित मानस पाठ का आयोजन कराया। विदित हो कि श्री जाट वर्ष 1987 मे ग्रन्थपाल के पद पर शासकीय महाराणा प्रताप स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय मे पदस्थ हुए थे।

बीच मे कुछ वर्षो तक उन्होंने स्वामी विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर मे भी सेवाएं दी थी। अखंड रामचरित मानस पाठ का आयोजन 28 जून से शुरू हुआ था। इस धार्मिक आयोजन में नागरिकों ने संगीत की सुमधुर धुन पर रामायण की चौपाइयाँ गाई। इस अवसर

सूचना

मैं दीपक पटेल पिता पुरुषोत्तम सिंह निवासी करहैया तहसील व जिला नरसिंहपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरे पुत्र वेद पटेल का जन्म दिनांक 12.12.2008 को कामायनी नर्सिंग होम नरसिंहपुर में हुआ है जिसके जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम वेदांश उर्फ वेद पटेल त्रुटिपूर्ण दर्ज हो गया है। शपथकर्ता अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में वेदांश उर्फ वेद पटेल के स्थान पर वेद पटेल दर्ज करवाना चाहता हूं। शपथकर्ता अपने पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में वेद पटेल दर्ज करवाने के समर्थन में शपथपत्र पेश किया है।

दीपक पटेल

आम सूचना

मैं राकेश पटेल आ. केदार पटैल निवासी ग्राम खुरसुरू पो. खुरसुरू तह. गाडरवारा जिला- नरसिंहपुर म.प्र. का निवासी हूं। मेरी पत्नि राजेश्वरी पटैल के प्रसव के दौरान पुत्र प्रांजल पटैल का जन्म दिनांक 28.6.2007 पराडकर नर्सिंग होम जिला- नरसिंहपुर में हुआ था। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाणपत्र बना हुआ है जिसका रजिस्ट्रीकरण संख्या 2229 एवं जावक क्र.2400 है। जिसमें मेरे पुत्र का नाम सूर्यांश पटेल दर्ज है जबकि आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम प्रांजल पटेल दर्ज है,एवं माता का नाम राजेश्वरी दर्ज है जो कि अपूर्ण है पूरा नाम राजेश्वरी पटेल है। मेरी पुत्र का नया डिजीटल प्रमाण पत्र जारी किया जाये जिसने मेरे पुत्र का नाम प्रांजल पटेल PRANJAL PATEL एवं माता का नाम Rajeshwari patel व पिता का नाम RAKESH PATEL दर्ज कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने बाबत् शपथपत्र प्रस्तुत किया है।

शपथकर्ता -राकेश पटेल

महिला महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ

नरसिंहपुर, देशबन्धु।1 जुलाई को शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्राचार्य एवं कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्राध्यापकों,ऑफिस स्टाफ एवं छात्राओं का स्वागत तिलक बंधन कर किया गया एवं मंच पर महाविद्यालय की प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी डॉ यतींद्र महोबे एवं क्रीड़ा अधिकारी एल एन रजक उपस्थित रहे। नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक स्टाफ से परिचय करवाया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में नव प्रवेशित छात्राओं का स्वागत करते हुए महाविद्यालय के मिशन, विजन, संस्थान का परिचय पर प्रकाश डाला एवं आशीर्वाद व उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ प्रज्ञा गुप्ता,

सांची शर्मा एवं प्रतीक नेमा द्वारा नव प्रवेश छात्राओं को महाविद्यालय परिसर का भ्रमण एवं अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉक्टर मीनाक्षी सौभरि विभाग अध्यक्ष समाजशास्त्र एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी ने प्रकोष्ठ का परिचय एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी।

छात्रों के साथ इंटरएक्टिव सत्र का संचालन किया गया एवं आईस ब्रेकिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ दीपिका चक्रवर्ती विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ धीरज झा डॉ नंदना शिल्पकार, सत्यव्रत गरानायक, महेश चौधरी, यदुनंदन शुक्ला, श्रीमती कुवंरबती भारती, सीमा भारती, कलीम खान कादरी, पूरनलाल साहू, ममता सोनी, अभिषेक पटवा निर्मला अग्रवाल, पतिराम गौंड, निर्मला अग्रवाल एवं छात्राएं उपस्थित रही।

अखिलेश द्विवेदी हुए सेवानिवृत

गाडरवारा, देशबन्धु। मार्केटिंग सोसायटी में सहकारी समिति के कर्मचारी अखिलेश द्विवेदी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। श्री द्विवेदी ने 32 वर्षों तक सहकारी समिति में अपनी सेवाएं दी 30 जून को प्रबन्धक के पद से वह सेवानिवृत्त हुए। संस्था के प्रशासक व कर्मचारियों एवं मित्रों व साल श्री फल देकर उनका सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएँ की।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए